भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1189

11 फरवरी, 2022 के लिए प्रश्न

देश में कार्यशील भंडारगृह

1189. श्री नीरज डांगी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कृषिगत उत्पादों के लिए भंडारगृहों (गोदामों) की संख्या बढ़ाने के लिए कोई प्रस्ताव है;

(ख) भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अंतर्गत कार्यशील कृषि भंडारगृहों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) कृषि भंडारगृहों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग): क्षमता का संवर्द्धन एक सतत प्रक्रिया है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा भंडारण क्षमता का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है और भंडारण अंतर (स्टोरेज गैप) के आकलन के आधार पर भंडारण क्षमताएं सृजित की जाती हैं/किराए पर ली जाती हैं। भारतीय खाद्य निगम द्वारा निम्नलिखित स्कीमों के माध्यम से भंडारण क्षमताओं में वृद्धि की जाती है:-

1. निजी उद्यमी गारण्टी (पीईजी) स्कीम।
2. केंद्रीय सेक्टर स्कीम (सीएसएस)।
3. सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत साइलोज का निर्माण।
4. केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी)/राज्य भंडारण निगमों (एसडब्ल्यूसी)/राज्य एजेंसियों से गोदाम किराए पर लेना।
5. निजी भंडारण स्कीम (पीडब्ल्यूएस) के माध्यम से गोदाम किराए पर लेना।

दिनांक 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा देशभर में खाद्यान्नों के भंडारण के लिए 2199 भांडागारों (स्वयं की/किराए की) का प्रचालन किया जा रहा है। दिनांक 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार, भारतीय खाद्य निगम के पास उपलब्ध भंडारण ईकाईयों (स्वयं की/किराए की) की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है।

******

अनुबंध - 1

राज्य सभा में दिनांक 11.02.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1189 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित अनुबंध।

दिनांक 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार एफसीआई (स्वयं की और किराए की) के पास उपलब्ध भंडारण इकाईयों की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	क्षेत्र	भांडागारों की कुल संख्या
1.	बिहार	80
2.	झारखंड	48
3.	ओडिशा	46
4.	पश्चिम बंगाल	30
5.	सिक्किम	2
6.	अरुणाचल प्रदेश	15
7.	असम	40
8.	मणिपुर	9
9.	नागालैंड	6
10.	त्रिपुरा	7
11.	मिजोरम	6
12.	मेघालय	6
13.	दिल्ली	6
14.	हरियाणा	297
15.	हिमाचल प्रदेश	18
16.	जम्मू और कश्मीर	26
17.	लद्दाख	6
18.	पंजाब	611
19.	चंडीगढ़	1
20.	राजस्थान	173
21.	उत्तर प्रदेश	248
22.	उत्तरांचल	20
23.	आंध्र प्रदेश	40
24.	अंडमान और निकोबार	1
25.	कर्नाटक	62
26.	लक्षद्वीप	1
27.	केरल	25

28.	तमिलनाडु	68
29.	पुददुचेरी	3
30.	तेलंगाना	72
31.	छत्तीसगढ़	63
32.	गुजरात	36
33.	दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव	0
34.	मध्य प्रदेश	36
35.	गोवा	2
36.	महाराष्ट्र	89
कुल		**2199**

*****